


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 1 | अंक : 29 गोंदिया : गुरुवार, 25 फरवरी से 3 मार्च 2021 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## 'मैं जवाबदार' अभियान कोरोना से बचाव में होंगा कारगर

### दुसरे चरण में संक्रमण का बदला स्वरुप, फिर लगा फैलने




**गोंदिया-** कोरोना संक्रमण की शुरुवात १ वर्ष पूर्व हुई थी जो गत कुछ माह में कम होता दिखाई दिया। लेकिन फरवरी माह में शुरु हुए संक्रमण के दुसरे चरण में अपना स्वरुप बदलकर फिर से बड़े पैमाने पर फैलने लगा है। जिसके लिए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे दिए गए अपने संदेश में मैं जवाबदार अभियान में नागरिक अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें जिससे संक्रमण से बचाव में कारगर उपाये साबित होंगा।

गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के मामले देश में फरवरी २०२० से शुरु हुआ था जो कुछ ही माह में पुरे देश में बड़े पैमाने पर फैल गया। जिसमें करोड़ों लोगो के संक्रमित होने के साथ ही लाखो लोगों की मौत हुई थी। जिसमें सरकार द्वारा लॉकडाऊन जैसे कड़े कदम भी उठाए गए थे। जिसके चलते कॉफी हद तक नियंत्रण में आ गया था, किंतु जब लॉकडाऊन के नियमों में राज्य में बिगीन अगैन के अंतर्गत धीरे-धीरे छुट दी जाने लगी। जिससे जनजीवन सामान्य होने लगा था। लेकिन अब फिर से संक्रमण का दुसरा चरण अपना स्वरुप बदलकर फैलने लगा है। हालांकि संक्रमण से बचाव के लिए देश में स्वदेशी वैक्सीन का निर्माण हो चुका है। लेकिन फिलहाल यह फ्रंटलाइन कोरोना योद्धाओं के लिए ही उपलब्ध हुई हैं। सामान्य नागरिकों तक वैक्सीन पहुंचने में काफी समय लग सकता है। जिससे नागरिकों द्वारा ही सावधानी व सतर्कता बरतकर संक्रमण के असर को कम किया जा सकता है।

**समारोहों में नियमों का उल्लंघन**

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए शासन द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों में मास्क, सामाजिक अंतर, हैंडवॉश, सेनेटाईजर करना जरुरी है। लेकिन राजनैतिक कार्यक्रमों जिसमें रैलीयों, सभाओं, चुनाव के दौरान व शादियों के दौरान आयोजित समारोहों में इन नियमों का उल्लंघन बड़े पैमाने पर हो रहा है। जिससे भी संक्रमण के बढ़ते असर को रोक पाना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है।

**जिले में मरीजों की संख्या १४,३६५**

गोंदिया जिले में भी मरीजों की संख्या १४ हजार ३६५ पर पहुंच चुकी है। हालांकि इसमें से १४ हजार १०३ मरीज स्वस्थ्य हो चुके हैं तथा जिले में अब तक १८५ संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी हैं। जिससे जिले में स्वस्थ्य होनेवाले मरीजों का प्रमाण ९८.२ प्रतिशत है।

**दुसरे चरण में बदला स्वरुप**

कोरोना के प्रथम चरण में संक्रमित मरीजों में बुखार, सर्दी व खांसी जैसे लक्षण पाए जाते थे लेकिन अब दुसरे चरण में फैल रहे संक्रमण के दौरान बुखार, सर्दी, खांसी के अलावा सरदर्द, जोडों में दर्द, पेंचीस जैसे अन्य लक्षण भी सामने आ रहे हैं।

### कोविड-१९ के असर को रोकने के लिए प्रशासन रहे सजग
### - अपर जिलाधिकारी खवले

महाराष्ट्र में अचानक फिर से बढ़ रहे कोविड़ १९ संक्रमण के चलते जिले में भी संक्रमण फैलने की संभावना बनी हुई हैं साथ ही विदर्भ के कुछ जिलों में संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। जिसके चलते गोंदिया जिले में भी संक्रमण के असर को रोकने के लिए अपर जिलाधिकारी राजेशर खवले की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा सभा में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रशासनिक यंत्रणा सजग रहें साथ ही शासकीय व निजी चिकित्सालयों में बैड़, वैंटिलेटर, ऑक्सीजन की व्यवस्था पर्याप्त हो साथ ही मरीजों के उपचार के लिए चिकित्सकों कर्मचारियों की संख्या पर्याप्त रखी जाए। ऐसा निर्देश चिकित्सकों व संबंधित विभाग के अधिकारियों के आयोजित समीक्षा सभा में अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए इसके साथ्ज्ञ ही कोरोना संक्रमण के असर को रोकने के लिए संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमों का पालन कड़ाई से किया जाए साथ ही जहां नियमों का उल्लंघन होता दिखाई दे जिसमें विभिन्न संस्था आस्थापना, दुकानें, बाजार परिसर, सार्वजनिक स्थान, लॉन, हॉटेल, रेस्टॉरेंट, स्कूल, महाविद्यालय, कोचिंग क्लासेस, वाचनालय, उद्यान, स्टेड़ियम, खेल मैदान आदि स्थानों पर मास्क का उपयोग न करने, सामाजिक अंतर न रखने, मर्यादा से अधिक नागरिकों की भीड़ पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाई किए जाने का निर्देश दिया। आयोजित सभा में उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगदीश पांडे, जिला शल्यचिक्तिसक डॉ. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितीन कापसे, तहसीलदार आदेश डफाड, अनिल खड़तकर तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## उत्साह के साथ मनायी शिवाजी जयंती



**गोंदिया-** अखंड हिन्दुराष्ट्र के आराध्य देवरुपी श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज जी का जन्मोत्सव रेस्टहाउस के समीप भव्य हर्षोल्लास के साथ हिंदूवादियों द्वारा भगवामयी माहौल में मनाया गया। उसी प्रकार दिन में मां तुलजा भवानी, मां साहेब राजमाता जिजाऊ व छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर भगवा ध्वज फहराकर जय शिवाजी जय भवानी के उद्घोष लगाए। रात्रि में भव्य आतिशबाजी की गई। प्रमुख अथिति के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उमेश मेंडे, पूर्व ऊर्जामंत्री श्री चंद्रशेखर बावनकुले, शिव शर्मा व पंकज यादव, सचिन शेंडे ने भगवा ध्वज फहराकर, दीप प्रज्वलित कर पुष्पगुच्छ अर्पित किए। कार्यक्रम के संयोजक योगी सेना से योगेश पसीने, संदीप श्रीवास, बंटी शर्मा, सौरभ बजाज, उपेंद्र लांजेवार, विनीत मोहिते, नितिन भदाडे, सुभाष मुद्रा, अजय यादव, माधव गारसे, राजेंद्रसिंह राजकुमार, मनोज हरड़े, शुभम शर्मा, दलजीत मान, तनमय निषाद, पालीवाल, सोनू मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## गोंदिया-बल्लारशाह ट्रेन शुरु करने की मांग

### उपसरपंच दिलीप सोनवणे की मांग

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** ईसापुर ग्राम पंचायत के उपसरपंच दिलीप सोनवणे ने केंद्र शासन से गोंदिया- बल्लारशाह ट्रेन की सेवा ग्राम ईसापुर से शुरु करने की मांग की है। कोरोना महामारी के संक्रमण के चलते ट्रेने बंद होने से यहां के नागरिकों को एक स्थान से दुसरे स्थान में आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बस से सफर करने में नागरिकों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उसी प्रकार किसी भी प्रकार का शासकीय कार्य करने हेतु लोग समय पर कार्यालय नही पहुंच पा रहे है। जिसके चलते ग्राम ईसापुर के उपसरपंच दिलीप सोनवणे ने केंद्र शासन से गोंदिया- बल्लारशाह ट्रेन को ग्राम ईसापुर से चलाए जाने की मांग की है।



## मांग पुरी नहीं होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल -सुरेश हर्षे

### संबंधित अधिकारी रहेंगे जवाबदार

**संवाददाता** - कालीमाटी-कतुर्ली रास्ता ग्रा.मा. (२३१) व कालीमाटी-मानेकशा रास्ता ग्रा.मा. (८६) २ मार्च तक नहीं शुरु किया गया तो कालीमाटी बाजार चौक में अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी सुरेश हर्षे ने दी है।

ग्राम विकास विभाग महाराष्ट्र शासन द्वारा ७ जुन २०१९ को मंजूर शासन निर्णयनुसार कालीमाटी-कातुर्ली रास्ता लंबाई २.६३ कि.मी. हेतु लगभग २ करोड़ ३ लाख १४ हजार रुपए, उसी प्रकार मानेकशा रास्ता लंबाई २.५५ कि.मी. कीमत लगभग १ करोड़ ६३ लाख रुपए उपरोक्त दोनों कार्य दो बार में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिला परिषद द्वारा दो टप्पे में पारित कर राज्य शासन ने ७ जुन २०१९ को मंजूरी प्रदान की थी। लेकिन कोविड़-१९ संक्रमण के चलते टेंडर प्रक्रिया व एस. एन. डेवलपमेंट बैंक ने निधि देर से मंजूर की व काम की कीमत बढ़ने व निधि अपूर्ण होने के कारण टेंडर प्रक्रिया में विलंब हुआ। लेकिन उक्त टेंडर की प्रक्रिया गत ३ महिने में पुरी की गई किंतु सड़क का काम अभी तक शुरु नहीं हो पाया है।। जिसके चलते नागरिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। १ मार्च तक कार्य की शुरुवात नही हुई तो २ मार्च १२ बजे से कालीमाटी बाजार चौक पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सुरेश हर्षे, ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, ग्राप सदस्यों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा कोविड़ १९ के नियमों का पालन करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठा जाएगा, ऐसी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी गई।



## घरकुल मंजूरी हेतु मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**गोंदिया-** जिले में घरकुल योजना अंतर्गत लाभार्थियों के नाम समाविष्ट किए गए हैं। लेकिन अब तक लाभार्थियों को राशि का वितरण नही किया गया है तथा जारी की गई सूची में से कुछ लाभार्थियों के नामों को काटा गया और इस संदर्भ में कोई भी जानकारी नही दी गई। जिसके चलते लाभार्थियों को रोष में देखा जा रहा हैं। उसी प्रकार जिन लाभार्थियों का नाम सूची में जारी किया गया है उन्हें अब तक किसी भी प्रकार की राशि नही दी गई है जिसके चलते राशि जल्द से जल्द मिलने व जिन लाभार्थियों का नाम सूची से काटा गया उन्हें दुबारा जोड़ने हेतु शिवसेना गोंदिया जिला प्रमुख पंकज एस. यादव ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है।

## घर में घुसकर मारपीट

देवरी पुलिस थाना अंतर्गत सालईटोला निवासी फर्यादी नेतराम बुजलाल टेंभरे (६८) अपने छोटे बेटे के यहां भोजन कर रहा था। इसी दौरान आरोपी वहां पहुंचकर अपने पिता के साथ ज्यादा बात करने की बात कहते हुए उसका गला पकड़कर मारपीट की। जबकि दुसरे आरोपी ने विवाद सुलझाने गए फर्यादी के बेटे केवलचंद के सिर पर पत्थर से प्रहार कर घायल कर दिया। वहीं अन्य दो आरोपियों ने धक्कामुक्की कर मारपीट की। शिकायत के आधार पर धारा ३२४, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच पुना देसाई कर रहे है।

## अवैध शराब अड्डों में पुलिस ने मारा छापा

### १ लाख ७४ हजार का माल बरामद

**गोंदिया-** दवनीवाड़ा पुलिस ने २१ फरवरी की शाम तथा २२ फरवरी को सुबह गोपनीय जानकारी के आधार पर विविध स्थानों पर अवैध शराब अड्डों पर छापामार कार्यवाई कर १ लाख ७४ हजार ९८० रुपए का माल बरामद किया। २१ फरवरी की शाम को ग्राम मुरदाड़ा, महालगांव तथा पिपरिया में अवैध शराब अड्डों पर छापामार कार्यवाई कर ७ हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की। उसी प्रकार २२ फरवरी को बोंडरानी परिसर में वैनगंगा नदी के पात्र से लावारिश स्थिति में २४०० किलो सड़ा महुआ फुल बरामद किया। इस प्रकार कुल मिलाकर १ लाख ७४ हजार ९८० रुपए का माल बरामद किया गया। उक्त कार्यवाई के चलते अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दवनीवाड़ा पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी कि ग्राम मुरदाड़ा, महालगांव तथा पिपरिया से कुछ लोग अवैध शराब का व्यवसाय कर रहे है। जिस पर २१ फरवरी की शाम सहायक पुलिस निरीक्षक निलेश उरकुडे ने पुलिस स्टॉप के साथ अवैध शराब अड्डों पर छापामार कार्यवाई की। जहां मुरदाड़ा निवासी सुनील मधु मस्करे (४०) एवं दिनेश मधु मस्करे (३४) के पास से देशी शराब के २० बोतल व बिस्की के ६ बोतल, विदेशी शराब के ४, बरामद की गई। उसी प्रकार महालगांव निवासी महेंद्र रामलाल तिवडे (३९) के पास से बिना अनुमति के अवैध रुप से बिक्री के लिए रखे गए देशी शराब की १२ बोतल महालगांव निवासी विनोद एवं मनोज नागपुरे के पास से १२ बोतलव एक प्लास्टिक की डबकी में रखी गई महुआ फुल की हाथभट्टी की १० लीटर शराब जब्त की गई। उसी प्रकार ग्राम पिपरिया निवासी रामकिशोर जयराम शेंडे (४५) के पास से २ प्लास्टी डबकी में रखी गई २० लीटर हाथभट्टी की शराब बरामद की गई तथा २२ फरवरी को वैनगंगा नदी के पात्र से २४ क्विंटल सड़ा हुआ महुआ जब्त किया गया। जिसकी कीमत १ लाख ६८ हजार बताई गई। उपरोक्त कार्यवाई उपविभागीय पुलिस अधिकारी तिरोड़ा के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक नीलेश उरकुडे, पुलिस हवलदार देवराम खंडाते, धर्मपाल भूरे, राजेश पारधी, पुलिसकर्मी मोहन टेंभेकर, बुधराम डोहरे एवं वाहन चालक मेंढे द्वारा की गई।

## गोंदिया के ३ युवकों को गांजा सहित डोंगरगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार




**गोंदिया** - छत्तीसगढ़ राज्य के डोंगरगढ़ में गांजा बिक्री के उद्देश्य से पहुंचे गोंदिया के ३ युवकों को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस पत्र के अनुसार २३ फरवरी को मुखबीर से गुप्त जानकारी प्राप्त हुई की बस स्टैंड सुलभ शौचालय के पास स्विफ्ट डिजायर वाहन क्रमांक एमपी ०९ सीएन २८२४ में गोंदिया निवासी तीन युवक जिसमें कुंभारे नगर गौतम बुद्ध वार्ड निवासी विश्वजीत नामदेव मेश्राम, शास्त्री वार्ड निवासी रोशन शिवचरण यादव, ढाकनी निवासी हरीश नारायण पालंदुरकर गांजा रखकर बिक्री करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके पश्चात पुलिस दल द्वारा छापामार कार्रवाई कर तलाशी लिए जाने पर वाहन से एक पॉलिथीन में १ किलो ५३६ ग्राम गांजा जिसकी अंदाजन कीमत १५ हजार थी। उपरोक्त संदर्भ में आरोपियों द्वारा किसी भी प्रकार के दस्तावेज पेश नहीं किए गए। तीनों आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ प्रतिबंधक कानून की धारा २०(ख)(एन) के तहत दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

उपरोक्त कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश बढ़ई के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी चंद्रेश ठाकुर के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी एलेग्जेंडर कीरो द्वारा की गई।

## ई-टिकट की कालाबाजारी

### आर.पी.एफ.क्राइम ब्रांच ने दलाल को धर दबोचा



गोंदिया शहर के पुणाटोली निवासी समीर सुरेश येसनसुरे को रेलवे की ई- टिकट बना कर कालाबाजारी करने के मामले में आर.पी.एफ. क्राइम ब्रांच ने धर दबोचा। आरोपी अपनी ४ पर्सनल आईडी से रेलवे की ई-टिकट बनाकर अधिक दामों में बेचता था। उसके द्वारा बनाई गई २४ ई-टिकट, एक मोबाइल सहित १६४३० रुपए का टिकट व सामग्री जप्त की गई। विशेष यह है कि वह आईआरसीटीसी का अधिकृत एजेंट भी नहीं था।

उपरोक्त कार्यवाही मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चूघ, सहायक सुरक्षा आयुक्त एस. डी. देशपांडे के मार्गदर्शन में गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल के क्राइम ब्रांच के प्रभारी सहायक पुलिस उपनिरीक्षक एस. एस. ढोके, प्रधान आरक्षक आर. सी. कटरे, आरक्षक एस. बी. मेश्राम द्वारा की गई। आरोपी के खिलाफ धारा १४३ रेल अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

## संपादकिय

# टीके से डर क्यों?

पिछले महीने जब टीकाकरण शुरु हुआ था, तब भी पहले ही दिन दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने कोवैक्सीन टीका लगवाने से इनकार कर दिया था।

कोरोना महामारी से निपटने के लिए देश में टीकाकरण अभियान का पहला चरण जोरों पर होने के दावे भले किए जा रहे हों, लेकिन टीका लगवाने को लेकर कोरोना योद्धाओं के भीतर अभी भी डर बना हुआ है। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें चिकित्सक, नर्से और अस्पताल कर्मचारी शामिल हैं। पर ज्यादातर जगहों पर स्वास्थ्यकर्मी टीका लगवाने से परहेज कर रहे हैं। सवाल है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच आखिर इस तरह का अविश्वास और भय क्यों है।

पिछले महीने जब टीकाकरण शुरु हुआ था, तब भी पहले ही दिन दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने कोवैक्सीन टीका लगवाने से इनकार कर दिया था। दूसरे राज्यों से भी इस तरह की खबरें आई कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी अपनी बारी पर टीका लगवाने नहीं पहुंचे। अब एक महीने बाद भी अगर यही स्थिति है कि स्वास्थ्यकर्मी टीका नहीं लगवा रहे हैं, तो यह चिंता पैदा करने वाली बात है।

सच तो यह है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच डर के कुछ कारण हैं। जैसे शुरुआती दौर में टीका लगवाने के बाद दो-तीन लोगों की जान चली जाने की खबरें आई। इससे लोगों के बीच यह गलत संदेश चला गया कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। पर बाद में जांच में पता चला कि टीका लगवाने के बाद जो मौतें हुई, उनका कारण टीका नहीं था। कुछ लोगों में टीका लगवाने के बाद जिस तरह के प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिले, उससे भी टीके को लेकर असुरक्षा की भावना पनपी। इन घटनाओं के बाद टीका बनाने वाली कंपनियों ने दिशानिर्देश जारी कर बता भी दिया था कि किन लोगों को टीका नहीं लगवाना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी स्पष्ट कर दिया था कि कोरोना के दोनों टीके- कोविशील्ड और कोवैक्सीन पूरी तरह से कारगर और सुरक्षित हैं। टीकाकरण के पहले ही दिन नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वी. के. पॉल ने भी टीका लगवा कर इसके सुरक्षित होने का प्रमाण दिया था। इसलिए अब भी अगर टीकों को लेकर डर बना हुआ है तो यह हैरानी की बात है और इस भय को दूर करने की जंरत है।

अब समस्या यह खड़ी हो रही है कि अगर स्वास्थ्यकर्मी ही टीका लगवाने से बिदकेंगे तो आम लोग टीकाकरण के लिए कैसे प्रेरित होंगे। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए टीकाकरण इसलिए भी जरुरी है कि उन्हें ही महामारी की इस चुनौती का सबसे ज्यादा सामना करना है। अभी भी हम कोरोना के प्रकोप से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाए हैं। महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में फिर से फैलता संक्रमण बता रहा है कि महामारी फिर से कहर बरपा सकती है जैसा कि ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका में देखने को मिल रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा बचाव की पहल स्वास्थ्यकर्मियों को ही करनी है, अपने लिए भी और दूसरों के लिए भी।

यह भी देखने में आया कि टीके की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक लेने नहीं पहुंचने वालों की संख्या भी कम नहीं है। टीकाकरण को सफल बनाने और इसे लेकर लोगों के मन में बैठा डर निकालने के लिए बेहतर तो यह होता कि इस अभियान की शुरुआत हमारे जनप्रतिनिधियों और नौकरशाहों से होती। देश के स्वास्थ्य मंत्री ने तो बाकयदा पहला कोरोना टीका खुद लगवाने की घोषणा की थी। अगर ऐसी पहल होती तो टीकों को लेकर किसी के मन में कोई संशय नहीं होता।

## कोरोना के नए बढ़ते मामलों को लेकर

# मुख्यमंत्री ने जनता से साधा जनसंवाद



**मुंबई-** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य में कोरोना संक्रमण के नए मामलों को बढता देख २१ फरवरी को जनता से संवाद साधा तथा संक्रमण को रोकने हेतु मास्क पहनने व अनुशासन का पालन करना व लॉकडाउन से बचने के लिए मै जिम्मेदार हूं अभियान की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भीड़ बढ़ रही है जिसके चलते राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी साथ ही प्रशासन को कोरोना महामारी के नियमों का पालन नहीं करनेवाले मंगल कार्यालयों, हॉल, होटल और रेस्टॉरेंट के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने का निर्देश दिया। संक्रमण को रोकने के लिए अमरावती डिवीजन में लगाए गए सख्त प्रतिबंधों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन को आवश्यक प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है।

### ८ दिनों में लिया जाएगा फैसला

कोविड़ १९ की स्थिति में जनता से संवाद साझते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप मुझे परिवार के सदस्य के रुप में सुनते हैं तो मास्क पहनें, अनुशासन का पालन करें और लॉकडाउन से बचें। महाराष्ट्र में कोरोना महामारी के बढ़ते नए मामलों के कारण सरकार द्वारा स्थिति की समीक्षा ली जाएगी तथा ८ दिनों के भीतर कोरोना नियंत्रण में नही रहा तो लॉकडाऊन लगाया जाएगा।

### स्वास्थ्य प्रणाली पर जोर न दें

पिछले वर्ष से कोरोना को रोकने के लिए कड़ी मेहनत जारी है और हम इसमें सफल रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दिनों में ८०० से ९०० नए कोरोना मरीज पाए जाने से मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि राज्य में रोगियों की संख्या प्रतिदिन एक हजार से डेढ़ हजार तक बढ़ रही है। एक ही दिन में लगभग ७,००० मरीज मिले है, लेकिन इस हेतु सरकार सुविधाओं के साथ तैयार हैं। लेकिन अगर बढ़ते संक्रमण को नहीं रोका गया तो स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव पड़ेगा।

### एक कायर दूत मत बनों

मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिमी देशों में कोरोना संक्रमण की उच्च घटनाओं के कारण क्षेत्र पर भारी प्रतिबंध लगाए गए हैं। वर्तमान में कोविड़ योद्धाओं का सत्कार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इन योद्धाओं ने अपने जीवन परवाह किए बिना कोरोना से लड़ाई लड़ी है, लेकिन उनके सम्मान के अवसर पर, उन्हें कायर दूत नहीं बनना चाहिए।

### मैं जिम्मेदार हूं अभियान

मेरा परिवार, मेरा जिम्मेदारी अभियान सफल रहा, भले ही आपने संक्रमण को रोका हो। लेकिन उस समय लगभग सभी लोग अपने अपने घर में थे। उन्होंने कहा कि अभी सब कुछ खुला है, हम सब बाहर आ गए हैं, इसलिए मास्क पहनना, सुरक्षित दूरी बनाए रखना, अपने हाथों को समय-समय पर धोना हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। उसी प्रकार कोरोना से लड़ने के लिए मैं जिम्मेदार हूं अभियान की शुरुवात की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक मामले होने के बाद भी महाराष्ट्र कभी पिछे नही हटा है तथा कोरोना से लड़ाई जारी रहेंगी।

# शिवाजी जयंती पर बनाई रायगढ़ किले की प्रतिकृति



**गोंदिया -** हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक व महाराष्ट्र में जन-जन के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज की ३९३ जयंती के अवसर पर गोंदिया के क्राफ्ट कलाकार शैलेश नरडे ने इस अवसर पर रायगढ़ किले की प्रतिकृति का निर्माण किया। उपरोक्त कार्य मनोहर चौक स्थित अपनी दुकान के प्रांगण में किला बना कर शिवाजी महाराज की कांस्य प्रतिमा का पूजन किया। उन्होंने अपनी इस कलाकृति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हिटलान फोम की सीट से निर्माण किया। विशेष यह है कि क्राफ्ट कलाकारी के माध्यम से प्रतिवर्ष विभिन्न अवसरों पर वे अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते रहते हैं। जिसमें कागज के इको फ्रेंडली गणेश का निर्माण हो या पोले के अवसर पर नंदी बैल का निर्माण करते हैं।

किले के निर्माण में उनका सहयोग चंद्रशेखर भोंडे ने किया। शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर विनम्र अभिवादन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संत गाड़गे बाबा की जयंती मनाई गयी



पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया में २३ फरवरी को पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के हस्ते संत गाड़गे बाबा के जयंती अवसर पर तैलचित्र पर माल्यर्पण व पुष्पगुच्छ अर्पित कर अभिवादन व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस निरीक्षक तथा अति. कार्य पुलिस उप- अधीक्षक (मुख्य) तेजस्विनी कदम, पुलिस निरीक्षक राजु मेंढे, उद्धव डमाले, पुलिस उपनिरीक्षक श्रीकांत हत्तीमारे, अभय शिंदे तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्य १२ आसन



**योगाचार्य नरेन्द्र आर्य**

### मकरासन

**विधि :** उदर के बल लेटकर दोनों हाथों की हथेलियों को ठोड़ी के नीचे लगाकर छाती को ऊपर उठायें, घुटनों से लेकर पंजो तक पैरों को सीधा तानकर रखें। अब श्वास भरते हुए पैरों को क्रमश: पहले एक-एक तथा बाद में दोनों पैरों को एक साथ मोड़ें, मोड़ते समय पैरों की एड़ियां व नितम्ब सीधा करना मकरासन कहलाता है।



**लाभ :** स्लिप डिस्क (रीढ़ की गोटियों का इधर-उधर खिसक जाना) सरवायकल स्पॉन्डिलाइसिस, गर्दन व उसके पीछे वाले हिस्से में दर्द होना एवं सियाटिका (कुल्हों का दर्द) के लिए बहुत लाभकारी। अभ्यास १ अस्थमा (दमा और फेफड़ों) सबंधी किसी भी प्रकार विकार तथा घुटनों के दर्द के लिए विशेष कारगर है तथा यह आसन पैरों को सुड़ौल बनाता है।

**सावधानी :** अधिक कमर दर्द होने पर यह आसन नहीं करना चाहिए। हर्निया की बीमारी में इस आसन को न करें।

### भुजंगासन १

**विधि :** उदर के बल लेटकर हाथों की हथेलियां भूमि पर रखते हुए हाथों को छाती के दोनों ओर रखकर कोहनियां ऊपर उठी हुई हो तथा भजाएं छाती से सटी हुई होनी चाहिए। पैरों को सीधा रखकर पंजों को एक साथ मिलाकर पीछे की बोर से खींचकर रखें। श्वास अंदर भरकर छाती एवं सिर को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं। नाभि के नीचे वाला भाग भूमि पर टिका रहे, सिर व गर्दन को अधिकाधिक पीछे की ओर मोड़ें। इस सिथति में लगभग ३० सेकंड तक रुके, तत्पश्चात धीरे-धीरे प्रारंभिक अवस्था में आ जाए।



**लाभ :** मेरुदण्ड के नीचे वाले भाग में होने वाले सभी रोगों को दूर करता है। कमर दर्द एवं सियाटिका के दर्द में विशेष लाभप्रद है। फेफड़ें मजबुत बनते हैं, कब्ज टूटती है। यह यौन रोगों में लाभकारी है।

### भुजंगासन २

**विधि :** उदर के बल लेटकर बायें हाथ की हथेली को छाती के नीचे रखकर उसके ऊपर दायें हाथ की हथेली रखें। माथा जमीन से लगा रहे, तब श्वास भरते हुए धीरे-धीरे सिर व छाती को ऊपर उठाये, पीछे से एड़ी पंजे मिलाकर ताने। कोहनियों को सीधा रखते हुए हाथों को सीधा करें। इनमें श्रेणी प्रदेश तक का भाग पृथ्वी से ऊपर उठ जाएगा। कुछ देर इस अवस्था में रुके तब धीरे-धीरे  पूर्व स्थिति में आइये।



**लाभ :** कमर दर्द व मोटापे से ग्रसित व्यक्तियों के लिए यह रामबाण आसन है। मेरुदण्ड से सम्बद्ध समस्त प्रकार की विकृतियों और रोगो के लिए यह उत्तम आसन है। इसमें कलाई व कंधे सबल बनते है।

**सावधानी :** अत्याधिक कमर दर्द से पीड़ित व्यक्ति इस विधि को न करें। प्रारम्भ में प्रथम विधि को ही करें। धीरे-धीरे रीढ़ में लचीलाचपन आने पर दुसरी विधि को भी कर सकते हैं।


## आवश्यकता है

साप्ताहिक बुलंद गोंदिया के लिये गोंदिया-भंडारा जिले की सभी तहसीलों के लिये संवाददाता, प्रतिनिधी तथा वितरक नियुक्त कराना है । इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में आकर संपर्क करें अथवा 7670079009, 9405244668, 9763355727 पर संपर्क करें । - सम्पादक


# गोंदिया एजुकेशन संस्था ५ करोड रुपए करें जमा, उच्च न्यायालय ने दिया आदेश



**गोंदिया -** गोंदिया एजुकेशन संस्था द्वारा संचालित मनोहरभाई पटेल इंजीनियरिंग कॉलेज में कार्यरत कर्मचारियों को २० माह से वेतन नहीं मिलने पर उपरोक्त मामला वरुणकुमार चौधरी व अन्य ९४ कर्मचारियों द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल किया था। जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा सुनवाई के दौरान आदेश दिया गया कि १ सप्ताह के भीतर ५ करोड रुपए संस्था जमा करें अथवा कर्मचारियों को वेतन के रुप में भुगतान करें। वेतन नहीं मिलने के बावजूद कर्मचारियों द्वारा कार्य किया जा रहा था जिसके लिए कॉलेज को २४ करोड रुपए का भुगतान देना था। इसके पूर्व संस्था द्वारा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को बकाया वेतन दिया था, परंतु शिक्षकों को वेतन दिया नहीं गया। जिसके चलते १५ करोड रुपए बकाया था। उपरोक्त कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या की कमी के चलते संस्था द्वारा कॉलेज बंद करने के लिए नागपुर विद्यापीठ में आवेदन किया था। जिस पर विद्यापीठ द्वारा शिक्षा संस्था के आवेदन को नामंजूर किया गया। जिसके पश्चात संस्था ने शिक्षकों को छठवें वेतन आयोग का बकाया राशि दिया था, लेकिन नियमित वेतन नहीं मिलने के चलते न्यायालय में याचिका दाखिल की गयी। जिस पर न्यायालय ने नियमित वेतन देने का आदेश दिया था।  विशेष यह है कि गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा कॉलेज में वर्ष २०१८, २०१९, २०२० व २०२१ शैक्षणिक वर्षो में विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बावजूद कॉलेज में कर्मचारी आकर कार्य कर रहे थे। लेकिन उन्हें वेतन नहीं दिया जा रहा था। जिसके चलते २० महीने का १० करोड रुपए कॉलेज पर बकाया था। किंतु कर्मचारियों द्वारा ३३ करोड़ रुपए का दावा किया है। उपरोक्त मामले में मुंबई उच्च न्यायालय की नागपुर खंडपीठ के न्यायधीश नितिन जामदार, अनिल किलोर की खंडपीठ ने कर्मचारियों को वेतन के लिए ५ करोड़ रुपए जमा कराने का आदेश शिक्षण संस्था को दिया गया। उक्त मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से एड. राम परसोडकर ने पक्ष रखा। इस प्रकरण में अगली सुनवाई ५ मार्च को होंगी।

# कच्चे मकानों में रहने वालों को आवास दिए जाएं -सांसद मेंढे

**गोंदिया-** कच्चे मकानों में रहनेवालों को पक्के मकान देने का संकल्प केंद्र शासन की पीएम, रमाई व शबरी घरकुल योजना के तहत लिया है। जिसका सर्वे भी पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी गोरेगांव तहसील के १ हिरापुर व गणखैरा ग्रामों के झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले सैकड़ो लाभार्थियों को अपात्र कर दिया गया। लाभार्थियों का फिर से सर्वे कर उन्हें आवास योजना का लाभ देने की मांग करते हुए सांसद सुनिल मेंढे ने गोरेगांव के गट विकास अधिकारी को पत्र लिखा है साथ ही मामले को संसद में भी उठाने की बात कही। ज्ञात हो कि गोरेगांव तहसील अंतर्गत हिरापुर व गणखैरा में आवास योजना के लाभार्थियों की प्रपत्र ड की सूची जाहिर की गई है। सोचने वाली बात यह है कि इस सूची में कच्चे मकानों में रहनेवाले हिरापुर के २२९ व गणखैरा के ४०० से अधिक लाभार्थियों को अपात्र करार दे दिया। बताया गया है कि ऑनलाइन सूचि संबंधित कर्मियों को अपलोड करते समय गड़बड़ी की। जिससे लाभार्थी अपात्र हो गए। लाभार्थियों के लिए फिर से सर्वे कर आवास योजना का लाभ दिया जाए तथा गड़बड़ी करनेवाले कर्मियों के खिलाफ कार्यवाई की जाए। इस तरह की मांग ग्राम पंचायत हिरापुर तथा गणखैरा ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री, सांसद मेंढे, तहसीलदार बीडीओ से की है। शिकायत मिलते ही सांसद मेंढे ने गोरेगांव पंचायत समिति के बीडीओ को पत्र लिखकर फिर से सर्वे करने के निर्देश

# साप्ताहिक राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र पर अपने सीनियर्स को प्रभावित कर अपनी ताकत और अधिकार बढ़ाने में सफल होंगे। प्रतियोगी परीक्षा की कोशिश कर छात्रों को एकाग्र होने का मौका मिलेगा। अपने किसी ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए पैसों का इंतजाम करने में सफल होंगे। प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल चल रहा है।

**वृषभ :** रियल स्टेट से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह लाभदायक रहेगा। लंबे समय बाद किसी दोस्त के साथ मिलकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी महंगी चीज को खरीदने का मन करेगा। इस सप्ताह नियमित व्यायाम करना आपके लिए मुश्किल होगा।

**मिथुन :** शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग अनिवार्य चीजों से ज्यादा करने की कोशिश न करें। आपको अपने बारे में किसी की राय बदलने की जरुरत है लेकिन आपको ऐसा बहुत एहतियात के साथ करने की आवश्यकता होगी। प्रेम संबंधों पर ध्यान देने की जरुरत है। अपने साथी के साथ डिनर या घूमने का प्लान बनाना बेहतर होगा।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स किसी चुनौतीपूर्ण काम के लिए आप पर विश्वास दिखा सकते हैं। पढ़ाई में अपनी राह स्वयं बनाने में सफल होंगे। किसी सामाजिक समारोह में कोई आपके कार्यों से नाराज हो सकता है। प्रेम संबंधों में किए गए वादे न निभाने के चलते आपके साथी के साथ आपके संबंधों को नुकसान पहुंच सकता है।

**सिंह :** किसी लाभदायक डील के मिलने के योग बन रहे हैं लेकिन इसके लिए आपको पर्याप्त प्रयास करने होंगे। किसी आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी को लेकर उत्साहित होंगे। कार्यक्षेत्र पर शॉर्टकट लेने की सोच रहे लोगों को सतर्क रहने की जरुरत है। प्रेम संबंधों में शांति और खुशहाली बनाए रखने के लिए अपने साथी के मूड का ख्याल रखें।

**कन्या :** धन संबंधित मामलों के लिए यह सप्ताह लाभदायक रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों का नई चीजों के साथ लगातार अपडेट रहना चीजों को सुचारु रुप से चलाने में मददगार साबित होगा। प्रेम संबंधों को लेकर यह समय अच्छा चल रहा है। कोई आपकी तरफ आकर्षित हो सकता है।

**तुला :** प्रेम संबंधों के लिए समय रोमांचभरा चल रहा है। किसी को आकर्षित करने की अपनी कोशिश में कामयाब होंगे। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला आपके पक्ष में आने की संभावना है। कार्यक्षेत्र पर अपने काम से सीनियर्स को प्रभावित करना ज्यादा मुश्किल काम साबित नहीं होगा। इस सप्ताह धनलाभ के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक :** कठिन विषयों या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए किसी की मदद या मार्गदर्शन लेना फायदेमंद साबित होगा। रियल इस्टेट्स से जुड़े लोगों के लिए यह सप्ताह लाभदायक रहेगा। दोस्तों के साथ किसी यात्रा पर जाना फायदेमंद व मजेदार साबित होगा।

**धनु :** नौकरी में किए गए बदलाव से अच्छा वेतन मिलने की संभावना है। किसी सामाजिक समारोह में आकर्षण का मुख्य केंद्र हो सकते हैं। इस हफ्ते आपको अपनी शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने के मौके मिल सकते हैं। अपने साथी के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे।

**मकर :** कार्यक्षेत्र पर काम को लेकर मेहनत करना ठीक है। ऑफिस में किसी काम की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे आप न कहने में स्थिति में नहीं होंगे। सार्वजनिक परिवहन से यात्रा करना जोखिमभरा हो सकता है इसलिए सभी सावधानियां बरतें।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र व प्रतियोगी परीक्षा में पर आपकी मेहनत के सफल परिणाम मिलने की संभावना है। प्रेम संबंधों के लिए यह सप्ताह अनुकूल रहेगा। इसलिए इस समय का आनंद उठाएं। दोस्त के साथ बचपन की यादें ताजा कर अच्छा महसूस करेंगे।

**मीन :** पुरानी शिकायतें आपको किसी के साथ दोस्ती का हाथ बढ़ाने से रोक सकती हैं। इस सप्ताह धन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहना होगा। फिजूल खर्चों को कम कर बचत पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। सेहतमंद रहने के लिए उतने ही प्रयास करें जितना कि आप कर पाएं, वरना आगे इसको जारी रखना मुश्किलभरा हो सकता है।

# गोंदिया विधानसभा क्षेत्र विकास और झुठे व्हॉट्सएप प्रचार से त्रस्त

## अपने कर्मो से गिरेगी तीन पहियों की टैंपो महाविकास अघाडी सरकार -पूर्व मंत्री बावनकुले




गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में २९ ग्राम पंचायतों के चुनवा हुए परिणाम के बाद देश के नेता की पार्टी और जनता के आमदार के संगठन ने १५-१५ पंचायतों पर जीत का बोगस दावा कर दिया। लेकिन भूल गए कि १५-१५ का जोड़ ३० होता है। झुठ के पांव नही होते और आज यहां उपस्थित हमारी २० ग्राम पंचायतों को नवनिर्वाचित सरपंच-उपसरपंच व सदस्यगण इस बात का प्रमाण है कि गोंदिया की जनता ने झुठे उकसावे को पिछे छोड़ एकबार पुन: विकास की राह पर चलने का मन बना लिया है। ऐसा ही झुठ गत विधानसभा चुनाव में फैलाया गया और जनता से ऐसा निर्णय ले लिया जो क्षेत्र के विकास में बाधक बन गया है। आज गोंदिया विधानसभा क्षेत्र व्हॉटसप विकास और झुठे व्हॉटसप प्रचार से ग्रस्त है। मोरगांव, अर्जुनी सालेकसा में मोबाईल पशु दवाखाना शुरु होता है या ग्राम पंचायत से दाखला देने के राजव्यापी आदेश सरकार करती है। गोंदिया में जनता के विधायक उसका व्हॉटसप श्रेय लेने में जुट जाते है। लेकिन गोंदिया के विकास को जो जंग लग रही है उसकी किसीको परवाह नही है। हम बाघ नदी पर डांर्गोली गांव के समीप भव्य बांध (बैरेज) एवं पिंडकेपार सिंचन प्रकल्प के निर्माण से क्षेत्र के किसान को सालाना तीन फसल निकालने के लिए सक्षम बनाना चाहते थे। गोंदिया में भव्य मेडिकल कॉलेज का निर्माण करना चाहते थे। लेकिन यह सब प्रश्न तो हल नही हो रहा है। हमारे प्रयत्नों से मंजूर विकास कार्य भी ठप पड़े है। गोंदिया शहर के पुराने उड़ानपुल का नवनिर्माण ठंडे बस्ते में पड़ा है। वहीं भूमीगत गटार योजना का कार्य कमीशनखोरी के चक्कर में कछुआ चाल से हो रहा है। इन सब बातों को लेकर हम जनता के बीच गए और यह स्पष्ट किया कि जनता केवल विकास के साथ है तथा २९ में से २० ग्राम पंचायतों पर भरपुर आशिर्वाद दिया। जिन ९ ग्राम पंचायतों पर हमारे सरपंच नहीं बन सके, वहां पर भी बड़ी सदस्य संख्या के साथ हम मजबुत विपक्ष के रुप में विकास कार्यों को गति देने के लिए एक सिपाही के रुप में खड़े है। ऐसा उद्‌गार पूर्व विधायक गोपालदा अग्रवाल ने गोंदिया शहर ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पंचायत चुनावों में नवनिर्वाचित सरपंच- उपसरपंच व सदस्यों के सत्कार समारोह में व्यक्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष केशवराव मानकर ने की। वहीं पूर्व मंत्री तथा प्रदेश भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर बावनकुले व विदर्भ संगठन मंत्री उपेंद्र कोठेवार प्रमुख रुप से उपस्थित थे। उसी प्रकार पूर्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि भाजपा लोकहित के कार्य करनेवालों का पक्ष है। राज्य में भाजपा को सरकार बनाने की जल्दी नही है, तीन पहियों की झुठी टैंपो महाविकास आघाडी सरकार अपने कर्मो से गिरेगी व निश्चित रुप से भाजपा की सरकार बनेगी।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले, तिरोड़ा विधायक विजय रहांगडाले, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष हेमंत पटले, पूर्व विधायक संजय पुराम, भाजपा जिलाध्यक्ष केशवराव मानकर, पूर्व विधायक रमेश कुथे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सरपंच-उपसरपंच सदस्यों को शुभकामनाएं बधाई दी तथा आगामी पं.स. की लड़ाई के लिए तैयार रहने का अहवान किया।

# नगर पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति तैयार

## - समन्वयक आनंद कुमार जांभुलकर ने दी जानकरी

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** नगरसेवक का कार्यकाल समाप्त हो गया है और वर्तमान में प्रशासक राज शुरु है। अगले कुछ महिनों में नगर पंचायत चुनाव होने की संभावना है। इसके लिए सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी रणनीति तैयार कर रहे हैं। सभी दलों ने अपने इच्छुक उम्मीदवारों से नामांकन आमंत्रित किया है।

अर्जुनी मोरगांव भारतीय कांग्रेस के नगर पंचायत तहसील समन्वयक आनंद कुमार जांभुलकर ने सूचित किया है कि नगर पंचायत के लिए कांग्रेस दलों ने एक विशेष रणनीति तैयार की है। नगर पंचायत चुनावों के लिए आनंदकुमार जम्भुलकर को कांग्रेस के शहर समन्वयक के रुप में नियुक्त किया गया है। अर्जुनी मोरगांव नगर पंचायत की स्थापना को पांच वर्ष हो चुके है। पहले चुनाव में ६ भाजपा, ६ कांग्रेस, २ राकांपा, २ निर्दलीय और १ शिवसेना दल थे। इसलिए, भाजपा के पांच पार्षद थे।, ढाई साल बाद कांग्रेस के शाह फिर से मेयर बने। इसलिए, अर्जुन नगर पंचायत पर कांग्रेस का नियंत्रण था। अगले कुछ दिनों में चुनाव होने की संभावना है इस हेतु सभी दल रणनीति बना रहे हैं। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना बनाई है कि नगर पंचायत पर कांग्रेस की शक्ति बरकरार रहे और बड़ी संख्या में नगरसेवक चुने जाएं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नानाभाऊ पटोले के अर्जुनी मोरगांव चूंकि तहसील कर्मभूमि है, जिला अर्जुनी मोरगांव नगर पंचायत पर ध्यान देगा। इस नगर पंचायत के लिए कांग्रेस ने एक स्थानीय निवासी और दादंगा के जनसंपर्क अधिकारी आनंद कुमार जांभुलकर को शहर संयोजक नियुक्त किया हा। अर्जुनी मोरगांव नगर पंचायत में १७ वार्डों का समावेश है। वर्तमान में राज्य में कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना की गठबंधन सरकार है। तहसील समन्वयक आनंद कुमार जम्भुलकर ने कहा कि अगर नगर पंचायत में गठबंधन का फार्मूला अपनाया जाता है, तो कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ने में सक्षम होंगी।

# वंचित किसानों को मिलेगा कर्जमुक्ति योजना का लाभ



**गोंदिया-** राज्य की महाविकास आघाडी सरकार ने सत्ता में आते ही किसान कर्जमुक्ति योजना क्रियान्वित कर लाखों किसानों को कर्ज मुक्त किया। लेकिन कुछ परेशानियों के चलते अनेक किसान प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर पाए। जिसके चलते वे कर्जमुक्ति से वंचित रह गए। वर्ष २०१५ में अब तक कर्जमुक्ति से जो किसान वंचित रह गए है, ऐसे किसानों की सूची प्रशासन द्वारा संबंशित बैंकों से मंगवाई गई है। जिससे जल्द ही वंचित किसानों को कर्जमुक्ति का लाभ मिलने की आश जाग उठी है। जिला सहायक उप निबंधक शुद्धोसन कांबले ने जानकारि देते बताया कि आधार प्रमाणीकरण के अभाव एवं अन्य त्रूटियों के चलते कुछ किसान महात्मा ज्योतिबा फुले किसान कर्जमुक्ति योजना से वंचित रह गए। ऐसे किसानों की सूची बैंको द्वारा मंगवाई गई है। जिले में किसान कर्जमुक्ति योजना का लाभ लेने के लिए कुल २९ हजार २९८ किसानों ने पोर्टल पर अपने दस्तावेज अपलोड कर आवेदन किए थे। जिनमें से २७ हजार ८५२ किसानों को कर्जमुक्ति के लिए विशेष क्रमांक प्राप्त हुआ। जिसमें से जिले के २७ हजार ३४१ किसानों का आधार प्रमाणीकरण हुआ तथा ५११ किसानों का आधार प्रमाणीकरण आज भी बाकी है। किसान कर्जमुक्ति योजना के अंतर्गत शिकायत प्राप्त ७५१ किसानों के बैंक खाते हैं, जिनका निवारण किया जा रहा है। सभी औपचारिकता पूर्ण होते ही जिले के २७ हजार ८३८ किसानों को १०७.९४ करोड़ की कर्जमुक्ति राज्य सरकार द्वारा दी गई है। गौरतलब है कि इसके पूर्व महा युती सरकार द्वारा भी कर्जमुक्ति की गई थी। उसके बाद सत्ता बदल होते ही महा विकास आघाडी सरकार ने भी शेष किसानों को कर्जमुक्ति देने का ऐलान कर अमल भी किया। लेकिन लेकिन सैकड़ो किसान ऐसे हैं, जिन्होंने कर्जमुक्ति की दोनो योजनाओं से ठीक तरह आवेदन भी नहीं किया तो कुछ किसानों के आधार क्रमांक, बैंक पास बुक क्रमांक गलत होने एवं अन्य त्रूटियों के कारण उन्हें कर्जमुक्ति नहीं मिली। ऐसे किसानों को अब फिर से कर्जमुक्त होने का अवसर सरकार द्वारा दिया जा रहा है।

**बैंको को सूचना दी गई है**

कर्जमुक्ति के लिए पात्र होने के बावजूद कुछ किसानों के नाम सूची में शामिल नही होने से वह कर्जमुक्ति से वंचित रह गए। ऐसे किसानों की सूची १९ से २३ फरवरी तक भेजने की सूचना सभी बैंको को दी गई है। शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य किया जा रहा है।

**-शुद्धोसन कांबले**, जिला सहायक उप निबंधक, गोंदिया

# उत्साहपूर्वक मनायी गयी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

### विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय आमगांव




विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय आमगांव में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रुप में शाला व्यवस्थापन समिति के अध्यक्ष प्रशांत गायधने तथा प्रमुख अतिथियों के रुप में सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दुबे तथा अल्प बचत महिला प्रधान अभिकर्ता वर्षा फरकुंडे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुवात में दीप प्रज्वलित कर शिवाजी महाराज के तैल चित्र को माल्यार्पण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल मुरकुटे ने शिवाजी महाराज के चरित्र पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आर.एस. वैष्णव, प्रशांत सिंगाड़े, दिनेश फदाले , दीनदयाल फुरकुडे, जे.आर. बावनथडे, महेंद्र कटरे व निर्मला बघेले उपस्थित थे।

### प्राथमिक स्कूल सोनेखारी

आमगांव जिप की प्राथमिक स्कूल सोनेखारी में छत्रपती शिवाजी महाराज की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जियालाल पंधरे, पूर्व जिला परिषद सदस्य उसी प्रकार प्रमुख अतिथि कमलेश्वरी भेलावे, सरपंच सोनेखारी, धनिराम बिसेन उपसरपंच येरमडा , राजेश किरसान ग्रा.प. सदस्य, सुनिल चौरागडे, कुवरलाल ऊईके , यशवंतराव हाडंगे, रिनाईत आदि उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया



शिवाजी जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय गोंदिया में १९ फरवरी को उपविभागीय पुलिस अधिकारी जगदीश पांडे के हस्ते शिवाजी महाराज के तैलचित्र पर माल्यर्पण व पुष्पुच्छ अर्पित कर अभिवादन व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपविभागीय पुलिस अधिकारी सहित पुलिस उपनिरिक्षक श्रीकांत हत्तीमारे तथा पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### परमात्मा एक नगर छत्रपति कालोनी

स्थानीय सूर्याटोला वार्ड के परमात्मा एक नगर स्थित छत्रपति कालोनी में १९ फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरत राहांगडाले ने की। बतौर अतिथि साहित्य मंडल के सह सचिव जितेंद्र तिवारी व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एम. बी. वैद्य उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक चंदनलाल चौरागड़े द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। इस अवसर पर संपूर्ण आयोजन स्थल शिवाजी के जयकारों से गूंज उठा। उसी प्रकार अध्यक्षीय संबोधन में राहांगडाले ने नई पीढ़ी से छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र की गरिमा गौरव को बढ़ाने की बात कही।




इस प्रसंग पर हाथों में भगवा ध्वज व शिवाजी का जयकारा लगाते हुए मां नर्मदा भजन मंडल के सदस्यों की रैली भी समारोह स्थल पर पहुंची। जिसमें अजय यादव, आशीष चौहान, शैलेष राणा, उमेश फुलबांधे, मोहित तिवारी, तुषार घडोले सहित बड़ी संख्या में युवक शामिल थे। सभी ने शिवाजी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि शशि तिवारी व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक रवि गायधने ने किया। कार्यक्रम में बालाघाट के डोहरे के अलावा दीनदयाल मेश्राम, राजेंद्र मिश्रा, सुरेंद्र जायसवाल, उमेश टेंभरे, राधेश्याम राहांगडाले, नासिर भाई, भजन गायक रामू ढोरे, रेशमा रहमान, राधा गायधने, शिक्षिका मनीषा टेंभरे, सरिता मस्करे सहित परिसर के नागरिक व बच्चे बड़ी संख्या उपस्थित थे। उसी प्रकार आनंद गायनधने ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास किया।

### कटंगी कला व पालावर्ची स्कूल

पालावर्ची शाला कुड़वा व कटनगीकला में शिवाजी महाराज की जंयती धुमधाम से मनाई गई। बालकृष्ण पटले, पूजा, योगिता आनंद भालधरे द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज तैलचित्र में माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात की तथा इसके पश्चात मिठाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रशांत बोरसे, कीर्ति पवन पटले, शिक्षिका अभिलाषा रमेश गौतम, शैलेस





वासनिक, पन्ना डहारे, संतोष लिल्हारे, महेश वैद्य, प्रभु कांबडे, कजीर कांबडे, अनिल वाघमारे, बंडू कांबडे एवं पालावर्ची शाला के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कटनगीकला में यंग बॉयज ग्रुप की ओर से भी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक प्रकार की वेशभूषा पहने हुए थे तथा शिवाजी महाराज जयकारे लगाये। ग्राम के सौ पूजा अखिलेश सेठ एवं अनेक सम्मानित नागरिक ने महाराज की तैलचित्र पर माल्यर्पण व पुष्पगुच्छ अर्पण कर अभिवादन व्यक्त किया। यंग बॉयज ग्रुप के मोनु डोनेकर, हरीश राठौड़, संजय राम, संदीप पाटिल, सुनील ऊके, सोनू ऊके, नागेश राउत, राहुल कटरे उपस्थित थे।

### आज की पीढ़ी को शिवाजी महाराज के विचारों की आवश्यकता- प्रिमत रामटेके

संवाददाता अर्जुनी मोरगांव - शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य प्रीतम रामटेके ने कहा है कि केवल शिवाजी महाराज ही एक ऐसे राजा हैं जो अच्छे कर्म करने में सक्षम हैं। यदि हम इस राजा के कार्यकाल का अध्ययन करते हैं, तो वर्तमान पीढ़ी को शिवाजी महाराज के कार्यों के बारे में पता होना चाहिए। इस अवसर पर रामू कुंभारे सरपंच, ज्ञानेश्वर गेडम उपसरपंच, कैलास आले ग्राम पंच सदस्य, कैलाश आले ग्रामसेवक, खोब्रगडे, सोनकुसरे , भाग्येश डोंगरे, राहुल रामटेके, आदि उपस्थित थे।



# सामाजिक उपक्रम के साथ मनाया गया प्रफुल पटेल व वर्षा पटेल का जन्मदिन



**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव-** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तहसील अर्जुनी मोरगांव की ओर से १६ व १७ फरवरी को राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद प्रफुल पटेल तथा वर्षा पटेल का जन्मदिन सामजिक उपक्रम का आयोजन कर मनाया गया। इस अवसर पर कृषि बाजार उत्पन्न बाजार समिति पर केक काटकर दंपति का जन्मदिन मनाया गया। उसी प्रकार अर्जुनी मोरगांव के ग्रामीण चिकित्सालय में मरीजों को फल व कैलेंडर का वितरण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के तहसीलध्यक्ष व बाजार समिती के मुख्य प्रशासक लोकपाल गहाणे, पूर्व जि.प.सदस्य किशोर तरोणे, राकेश जायस्वाल, चित्रलेखा मिश्रा, आर.के.जांभुळकर, अजय पाऊलझगडे, शालिक हातझाडे,राजु कुंभरे, नानाजी पिंपळकर,जगदीश चंदेल, नरेंद्र रंगारी, नाशिक शहारे, माधुरी पिंपळकर, सुरेखा भोवते, सुनिता जांभुळकर, वनिता मेश्राम, अर्चना बंसोड, कविता ठवरे तथा ग्रामीण चिकित्सालय के डॉ. अरविंद अकिनवार, डॉ. देवेंद्र घरतकर, डॉ. भारत लाडे, डॉ. नरेंद्र भांडारकर, डॉ. निलेश नाफडे, डॉ.पल्लवी नाफडे, डॉ. कश्यप सुर्यवंशी तथा मंगेश जांभुळकर, देवानंद नंदेश्वर व चिकित्सालय के सभी कर्मचारी तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# चांदवानी डी.आर.य.ूसी.सी सेंट्रल रेलवे के सदस्य नियुक्त



समाजसेवी व रक्त मित्र विनोद चांदवानी (गुड्डु) के सामाजिक कार्यों को देखते हुए उनकी सेंट्रल रेल्वे की मंडल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति (डी.आर.यू.सी.सी) कमिटी मैं नियुक्ति की गई इस चयन के लिए सांसद सुनील मेंढे विधायक परिणय फुके, विधायक विजय राहंगडाले, पूर्व मंत्री राजकुमार बड़ोले, जिला अध्यक्ष भाजपा केशवराव मानकर, पूर्व विधयाक गोपालदास अग्रवाल, पूर्व विधायक हेमंत पटले, वीरेंद्र अजनकर गोंदिया नगराध्यक्ष अशोक इंगले, राजकुमार नोतानी, महेश आहुजा, मनोहर आसवनी, संजीव कुलकर्णी, ओम कटरे, सुनील केलंका, धनलाल ठाकरे, होलसेल रेडीमेड एसोशिएशन व समाजबंधुओं का विनोद चांदवानी ने आभार माना।

# संक्षिप्त समाचार

## बुआई करने पर मारपीट

सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम गोवारीटोला में बुआई करने को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस सुत्रों से मिली जानकरी के अनुसार ग्राम गोवारीटोला निवासी फर्यादी उद्‌यलाल चमरुलाल नागपुरे अपने खेत में धान की बुआई कर रहा था। इसी दौरान २ आरोपी वहां पहुंचे जिसमें से आरोपी क्र. १ ने यह खेती मेरी है और बुआई भी मै करुंगा ऐसा कहते हुए विवाद करना शुरु किया तथा आरोपी क्रमांक २ ने फर्यादी के पैर व जांघ पर लाठी से हमला कर घायल कर दिया तथा भविष्य में आगे देखने की धमकी दी। फर्यादी की शिकायत व डॉक्टरी अहवाल के आधार पर धारा ३२४, ५०४, ५०६ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## खेत से मोटरपंप चोरी

केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम पुष्पनगर निवासी फर्यादी सुनिल अभिलास सरकार (६१) के खेत परिसर में खेती की सिंचाई के लिए लगाया गया मोटर पंप कीमत ८ हजार रुपए को किन्ही अज्ञात चोरो ने सुनेपन का लाभ उठाते हुए लेकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर धारा ३७९ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## रेत से भरा ट्रैक्टर जब्त

आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत आनेवाले ग्राम गोरठा में ट्रैक्टर चालक तथा उसके मालिक को अवैध रुप से रेती की ढुलाई करते हुए पकड़ा गया। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक एमएच ३५ जी ५९४७ में सवार होकर २ आरोपी १ ब्रास अवैध रेती ढुलाई कर ले जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जब रेती का परवाना दिखाने के लिए कहा गया तो उनके पास किसी भी प्रकार की मंजूरी नही थी। फर्यादी पुलिसकर्मी लांजेवार की शिकायत के आधार पर धारा ३७९, ३४ के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ट्रैक्टर व रेती समेत कुल ३ लाख ६३ हजार का माल जब्त किया गया है।

## ग्राम खांबी में बसे दौड़ाने की मांग

**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव–** आम आदमी की सेवा हेतु उक्त सेवा योजना को घर-घर पहुंचाने का कार्य शासन का है। लेकिन विभाग में कार्यरत क्लर्कों द्वारा इस प्रणाली को गंभीरता से नही लिया जाता जैसा कि साकोली डिपो में बस सेवा के मामल है। जिसके चलते परिसर के नागरिकों ने मांग की है कि साकोली डिपो से अर्जुनी मोरगांव की सभी बसे ग्राम खंबी मार्ग से होते हुए दौड़ना चाहिए। अर्जुनी मोरगांव डीपो से चलनेवाली कई बसे ग्राम महागांव, प्रतापगढ़, दिनकरनगर, केशोरी, खंबी मार्ग होते हुए नही जाती। जिसके चलते शासन से उम्मीद जताई गई है कि सरकारी योजनाओं को सभी आम लोगों के लिए प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए और लाभार्थियों को सरकार के स्तर से प्रभावी रुप से ध्यान आकर्षित करना चाहिए। यदि इस मार्ग की बस नागरिकों की सेवा के लिए खंबी मार्ग पर नहीं चलती है, तो सड़क जाम कर संबंधित विभागीय मंत्री से शिकायत की जाएगी।

## ३ दिवसीय रोजगार मेळावा संपन्न

कोरोना महामारी के चलते आर्थिक मंदी से परेशान युवक और युवतियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया गया जिसमें जिले के नक्सल प्रभावित युवाओं के लिए देश की विभिन्न बड़ी कंपनियों द्वारा भव्य रोजगार मेळावा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग ४०० युवक व युवतियों द्वारा भाग लिया गया कार्यक्रम की अध्ययक्षता अपर जिला पुलिस अधीक्षक अतुल कुलकर्णी ने की। अतुल कुलकर्णी व योजना कोतवाल शिक्षिका ने सभी युवाओं को मार्गदर्शन कर बधाई दी। इस अवसर पर बरखा कनौजिया, प्रेमा शर्मा, राजेश कनौजिया, महिला सशक्तिकरण सविता तुर्क, राकेश तुरकर, ललित शर्मा, मोहन कोतवाल व पुलिस कार्यालय के सभी अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कनौजिया ने अथक प्रयास किया। लायंस क्लब संजीवनी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जॉब फेयर में विशेष सेवा दी गई। भव्य रोजगार मेळावा में आए सभी युवाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई साथ ही कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए मास्क, सेनेटाइजर व रुमाल का वितरण किया।

## ओपन रेडिप शतरंज चैम्पियनशिप २८ को

गोंदिया जिला असोसिएशन व विजय विहार महिला के संयुक्त तत्वाधान में २८ फरवरी रविवार को ओपन रेडिप शतरंज सिवील लाईन हनुमान मंदिर के पास आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार १००० द्वितीय पुरस्कार ५००, तृतीय पुरस्कार ३००, चतुर्थ पुरस्कार २०० व कई अन्य आकर्षक पुरस्कार न्यूनियर खिलाडी व लड़कीयों को प्रतियोगिता अंतर्गत दिए जाएगे। सभी प्रतिस्पर्धाओं को सर्टीफिकेट प्रदान किए जाएगे। प्रतियोगिता का प्रवेश शुल्क ९० रुपए है। अधिक जानकारी के लिए मुकेश बाराई, भावना राजनकर, लता बाजपेई, अर्पणा हददार, माया राघोते, प्राजकता ढोक, प्रमोहिनी कुलकर्णी से संपर्क करे।

## आदिवासी महिला संघटन का उद्‌घाटन संपन्न

**संवाददाता देवरी–** म्होरकी आदिवासी महिला संगठन वेलफेयर एसोसिएशन अंतर्गत उद्‌घाटन तथा त्रैमासिक विमोचन का कार्यक्रम गोंदिया उत्तर झोन व देवरी दक्षिण झोन की म्होरकी टीम के अथक प्रयास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि व मार्गदर्शक के रुप में प्रमिला मसराम अध्यक्ष, म्होरकी आदिवासी महिला संगठन मुंबई तथा डॉ. विनोद कुंभरे समन्वयक अधिकारी म्होरकी मुंबई, पुलिस उपमुख्यालय देवरी से अतुल कुलकर्णी, पुलिस थानेदार कदम, मुख्याधिकारी, आचले नगर पंचायत देवरी, उईके आदि ने महिलाओं को गृहणी के साथ- साथ उधोजक भी बने इस हेतु मार्गदर्शर्न किया।



## गोरेगांव नप की अनदेखी युवक के लिए बनी प्रेरणा

# गंदगी से भरे बस स्थानक को बनाया स्वच्छ



**संवाददाता गोरेगाव–** अक्सर यह देखा गया कि कोई अच्छा अभिनव या कार्य किया जाता है तो उसकी प्रेरणा लेकर उसी तरह का कार्य करने का प्रयास किया जाता है। लेकिन गोरेगांव नगर पंचायत क्षेत्र में कुछ अलग ही देखने को मिला। गोरेगांव नगर पंचायत के नियंत्रण में चल रहा शहर का बस स्थानक इतना जर्जर एवं गंदगीयुक्त बन गया कि वहां पर यात्री बैठना तो दुर की बात खड़े रहना भी पसंद नहीं करते। फिर भी गोरेगांव नगर पंचायत प्रशासन इस ओर अनदेखी करता रहा। जिसके चलते शहर के एक २० वर्षिय विद्यार्थी ने १६ फरवरी को लगभग ३ घंटे की मेहनत से पुरा बस स्थानक स्वच्छ कर डाला। जैसा ही बस स्थानक स्वच्छ दिखाई दिया तो यात्रियों ने उस बस स्थानक पर बैठकर बस की प्रतिक्षा करने लग गए। जिससे इस कार्य की सराहना हर स्तर से की जा रही है। बता दें कि गोरेगांव नगर पंचायत के हद्‌य स्थल पर बस स्थानक स्थित है। प्रतिदिन इस बस स्थानक से लगभग ५०० से अधिक यात्री बस से आवागमन करते है। यात्रियों को बैठने की व्यवस्था के रुप में बैंच एवं अन्य साधन उपलब्ध किए गए है। जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी गोरेगांव नगर पंचायत प्रशासन की है, लेकिन गत कई महिनों से बस स्थानक की साफ-सफाई एवं मरम्मत नहीं किए जाने के कारण बस स्थानक दुर्गंध व गंदगी से भर गया था। जिस वजह से यात्रियों ने बस स्थानक पर बैठना ही बंद कर दिया। इस तरह का नजारा कई महिनों से दिखाई देने से शहर के २० वर्षिय मनिष बारेवार ने इस बस स्थानक को स्वच्छ व सुंदर बनाने का मन बना लिया और १६ फरवरी को सुबह ८ बजे से १० तक बस स्थानक परिसर की साफ-सफई कर परिसर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास किया। बस स्थानक स्वच्छ हो जाने से यात्री बस की प्रतिक्षा के लिए बस स्थानक का उपयोग करने लगे। मनिष के कार्य की हर स्तर पर सराहना की जा रही है।

# जिले में पिछले १ वर्ष में १६ माताओं की मृत्यु

**गोंदिया–** बाल मृत्यु व माता मृत्यु को रोकने के लिए शासन द्वारा विविध उपाय योजनाओं को चलाया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद बाल मृत्यु व माता मृत्यु की रोकथाम करना शासन के लिए मुश्किल हो रहा है। गोंदिया जिले में सन २०२० में १६ माताओं की मृत्यु हुई है। जिनमें से कुछ मृत्यु गर्भवस्था के दौरान तथा कुछ प्रसुति के बाद हुई है तथा उपचार किए जाने के पश्चात भी मृत्यु होने की जानकारी मिली है। वर्ष २०२० में जिले में १६ हजार ४७४ महिलाओं की प्रसूति की गई। जिसमें ४ हजार ३४८ शस्त्रक्रिया व १२ हजार ११५ महिलाओं की सामान्य प्रसूति हुई। उसी प्रकार ११ महिलाओं की प्रसूति घर में हुई है। कोरोना काल में १ तथा वर्षभर में कुल १६ माताओं की मृत्य हुई है। जिसमें ५ माताओं की मौत चिकित्सालय लाते समय रास्ते में हुई तथा ४ माताओं की मृत्यु गंगाबाई महिला चिकित्सालय हुई व ३ माताओं की मृत्यु शासकीय महाविद्यालय, अर्जुनी मोरगांव के ग्रामीण चिकित्सालय में १ तथा निजी चिकित्साल में १ गर्भवाति महिला की मौत हुई है।

### जून महिने में सर्वाधिक मौत

गोंदिया जिले में वर्षभर में १६ माताओं की मृत्यु हुई है। जिसमें फरवरी, मार्च, अगस्त इन तीन महिनों में एक भी माता की मौत नहीं हुई। लेकिन जून महिने में सर्वाधिक ४ माताओं मृत्यु हुई व जनवरी में १, अप्रैल में २, मई महिनें में १ जुलाई महिने में २ सितंबर महिने में २, अक्टुबर व नवंबर महिने में प्रत्येक में १ मृत्यु हुई है।

### समय में उपचार नहीं मिलने से हो रही मृत्यु

ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवति महिलाएं समय पूर्व जिला चिकित्सालय नहीं पहुंच पाती तथा घर से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। चिकित्सालय पहुंचने पर भी सामान्य प्रसूति के लिए समय लगता है। जिसके चलते गर्भवति महिलाओं को समय पर उपचार नही मिलने से माता मृत्यु की संख्या बढ़ रही है।

## ग्राम बासीपार में राका ने फहराया झंडा

**संवाददाता आमगांव–** हाल ही में संपन्न हुए २२ ग्राम पंचायत के चुनाव में ग्राम बासीपार में राष्ट्रवादी कांग्रेस ने अपना झंडा फहराया। सरपंच पद मूलचंद गाएधने उपसरपंच पद पर कांचन कोरे, सदस्य पद पर ओमेश्वरी पधरे, पुष्पा धुर्वे विराजमान हुए व जागेश कोरे, पुष्पक डोये, शोभेलाल कोरे, अरविंद मरकाम, श्याम कोरे, दीपक थेर, परुषोत्तम मौजे, अजय राने आदि कार्यकर्ताओ ने मेहनत कर ग्राम पंचायत पर राष्ट्रवादी का झंडा फहराया।

# बिना मास्क लगाए घुमनेवालों पर डुग्गीपार पुलिस ने की कार्यवाई



**गोंदिया–** राज्य में कोरोना महामारी का संक्रमण पिछले कुछ दिनों से तेजी से फैल रहा है। जिसके चलते कोरोना महामारी का संक्रमण न फैले इस हेतु देवरी पुलिस की ओर से उपाय योजना की जानकारी दी जा रही है। लेकिन इसके बावजूद नागरिकों की ओर से इसके प्रति लापरवाही बरती जा रही है। जिसके चलते देवरी पुलिस ने बिना मास्क लगाकर घुम रहे ५० व्यक्तियों के खिलाफ २२ फरवरी को कार्यवाई कर ५ हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। उसी प्रकार बिना मास्क के निशंकोच घुमनेवाले व्यक्तियों से उठा- बैठक लगाई गई तथा बेवजह घर से नही निकालने तथा मास्क का उपयोग करने तथा इसमें व्यापरियों से भी सहयोग करने का अहवान डुग्गीपार थाने के पुलिस निरिक्षक सचीन बांगडे की ओर से किया गया।

# अनेक परिवार कर रहे घरकुल का इंतजार



**संवाददाता अर्जुनी मोरगांव–** मोदी सरकार ने घोषणा की गई है कि केंद्र सरकार २०२२ तक सभी को आवास मुहैया कराएगी। सरकार ने २०१४ से २०२२ तक इस उद्‌देश्य को पूरा करने का वादा किया है। लेकिन इसके बावजूद अब भी कई परिवार घरकुल योजना के लाभ का इंतजार कर रहे है। जिसके तहत घरकुल योजना के लाभ का इंतजार कुंबरे परिवार पिछले तीन-चार वर्षो से कर रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने से उन्हें टुटी-फुटी झोपड़ी में रहना पड़ रहा है एब बार झोपड़ी गिर गई जिसमें एक महिला घायल हो गई। तहसील में अब भी ऐसे कई परिवार है जिनको २०२२ तक घरकुल योजना के लाभ मिलने का इंतजार है। इस संदर्भ में तत्कालीन तहसीलदार बीडीओ व जिला कलेक्टर ने दौरा किया और सरकार की योजना के तहत जल्द से जल्द वित्तीय सहायता और आवास प्रदान करने का आश्वासन दिया। घरकुल के लाभ से वंचित परिवारों का सर्वे कर जल्द ही जरुरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

# उमेद अभियान की गटप्रेरिका (सीआरपी) का बकाया मानधन जल्द मिलेंगा

### विधायक अग्रवाने ने की ग्रामविकास मंत्री हसन मुश्रिफ के साथ बैठक



**गोंदिया–** हाल ही में विधायक विनोद अग्रवाल ने जिले की करीब एक हजार, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोंन्नति अभियान (उमेद) हेतु गटप्रेरिका के रुप में कार्य कर रही महिलाओं के १ साल से मानधन न मिलने के मामले को लेकर राज्य के ग्रामविकास मंत्री हसन मुश्रिफ से भेंट कर मामला संज्ञान में लाया। विधायक विनोद अग्रवाल ने बैठक में ग्रामविकास मंत्री का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि गोंदिया जिले में ग्राम विकास मंत्रालय अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोंन्नतित अभियान (उमेद) द्वारा ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के सक्षमीकरण, स्वयंसहायता गटों के माध्यम से संस्था को बढ़ावा देने, उनके कौशल्य वृद्धि, वित्तीय लाभ व शाश्वत उपजीविका का साधन उपलब्ध कराने पर उमेद की गटप्रेरिका (सीआरपी) द्वारा बेहतर कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर गटप्रेरिका के माध्यम से उमेद अभियान अंतर्गत स्वयंसहायता गटो को लाभ प्राप्त हो रहा, गांव में महिलाओं को रोजगार के साधन के साथ आर्थिक उन्नति हो रही है। परंतु जिले में उमेद की एक उम्मीद बनकर कार्य कर रही करीब एक हजार गटप्रेरिका, पिछले १ साल से मानधन से वंचित है। गटप्रेरिका को मानधन न मिलने से इसका असर अभियान में पड़ने के लक्षण साफ देखे जा सकते है। इस संदर्भ में ग्रामविकास मंत्री हसन मुश्रिफ ने विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा रखी बातों को गंभीरता से लेते हुए प्रकल्प संचालक राजाराम दिघे व सहायक प्रकल्प संचालक मानसी बोरकर को गटप्रेरिका के मानधन मामले पर त्वरित निर्देश देकर १५ दिनों में मानधन देने की बात कही। विधायक अग्रवाल के प्रयासों से अब जल्द ही जिले में उमेद की सीआरपी वर्कर के मानधन का मामला हल होंगा, तथा ग्रामीण स्तर में महिलाओं को उमेद के माध्यम से प्रगतिशील, आर्थिक विकसित होने का लाभ प्राप्त होंगा।

# सरकारी धान खरीदी केंद्रो की समयावधि बढाएं -विधायक विनोद अग्रवाल



**गोंदिया–** शासकीय धान खरीदी केंद्रों में धान की बिक्री को लेकर किसान चिंतित है। जिले में किसानों का धान तकनीकी परेशानियों व गोदामों के अभाव तथा व्यवस्था में कमी होने के कारण बिक्री नही हो पा रहा है। धान बिक्री समय पर नही होने से किसानों में रोष निर्माण है। किसानों की इस समस्या को लेकर गोंदिया विधायक विनोद अग्रवाल ने १७ फरवरी को मुंबई मंत्रालय में मुख्य सचिव से बैठक के दौरान चर्चा की तथा शासकीय धान खरीदी केंद्रो में धान खरीदी हेतु समयावधि ३० अप्रैल तक बढ़ाने की मांग की साथ ही धान खरीदी प्रक्रिया खुले में करने की मांग की। बैठक के दैरान विधायक अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया जिला किसानों का जिला है। यहां का मुख्य व्यवसाय सिर्फ खेती है। किसान खेती पर ही निर्भर होने से वर्तमान में वो आर्थिक बदहाली से गुजर रहा है। धान कटाई होने के बावजूद शासकीय धान खरीदी केंद्रो में विलंब होने तथा अनेक केंद्र शुरु नही होने व केंद्रो में तकनीकी खामियों और गोदामों की अव्यवस्था के चलते धान खरीदी नही होने से किसान रोष व चिंता में देखा जा रहा है। मुख्य सचिव ने बैठक में विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा किसानों की रखी गई सभी समस्याओं पर संज्ञान लेकर इसे जल्द ही शासन व प्रशासकीय स्तर पर हल करने का आश्वासन दिया।


क्या आप परेशान हैं?



शादी से पहले, शादी के बाद की कमजोरी
उम्र की अधिकता से सेक्स में कमजोरी
नि:संतान, स्वप्नदोष, इंद्रिय का छोटापन
टेढ़ापन, शिथिलता, शुगर से आयी कमजोरी
आदि समस्याओं के ईलाज के लिए...
डॉ.सुशील गेडाम
बी.ए.एम.एस., एस.एच.सी.
धनवंतरी आयुर्वेदिक दवाखाना
शॉप नं.31, राजलक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, पाल चौक, गोंदिया
हर रविवार
सुबह 11 से 4 बजे
संपर्क क्र.: 7879453857, 8964889608

आवश्यकता है

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...
बुलंद गोंदिया कार्यालय
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक


स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८ । (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है । न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।